कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांक : स्था0 / 460 / 2022 / 3959 दिनांक : 16 / 07 / 2022

–:: आदेश ::–

इस न्यायक्षेत्र में पदस्थापित **श्री बनवारी लाल वर्मा**, हाल पदोन्नत रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–II / कार्यालय सहायक, हाल पदस्थापन न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश, एसीडी प्रकरण, क्रम–03, जयपुर महानगर–द्वितीय द्वारा स्वयं के विरूद्ध लम्बित विभागीय जांच सं. 10 / 2019 में दोषमुक्त होने पर पूर्व में श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वारा दिनांक 06.12.2019 को जारी गये पदोन्नति आदेश के अनुसार पूर्व की वरिष्ठता को यथावत रखते हुए पदोन्नति का लाभ दिये जाने का निवेदन किये जाने पर इस कार्यालय द्वारा रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–II / कार्यालय सहायक के रिक्त पदों पर किये गये पदोन्नति संबंधी आदेश क्रमांक 3211 दिनांक 10.06.2022 के क्रम में श्री वर्मा से कनिष्ठतम कर्मचारी की दिनांक 06.12.2019 से पदोन्नति होने के क्रम में श्री बनवारी लाल वर्मा को दिनांक 06.12.2019 से **रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–III / लिपिक ग्रेड–I के पद से रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–II / कार्यालय सहायक के पद पर** वरीयता सह् योग्यता के आधार पर तुरन्त प्रभाव से अस्थाई रूप से राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के तहत पे–लेवल एल–10 (पूर्व वेतनमान में ग्रेड पे–3600 / –) के अन्तर्गत नियमानुसार देय वेतन–भत्तों पर विभागीय पदोन्नति सह्–प्रशासनिक समिति की अनुशंषा के आधार पर **एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है।**

श्री बनवारी लाल वर्मा की उपरोक्त पदोन्नति के तहत **वरिष्ठता** इस कार्यालय द्वारा जारी रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–III / लिपिक ग्रेड–I की स्थाई वरीयता सूची जो जरिये आदेश क्रमांक 4455 दिनांकित 16.11.2021 के द्वारा जारी की गई है, से विलोपित कर उक्त आदेश के अन्तर्गत जारी रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–II / कार्यालय सहायक की स्थाई वरीयता सूची में क्रम सं. 23 व 24 के मध्य निर्धारित की जाती है।

नोट :–

1. श्री बनवारी लाल वर्मा को उपरोक्त पदोन्नति से संबंधित समस्त वित्तीय लाभ उक्त पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की दिनांक से देय होंगे।
2. उपरोक्त आदेश का इन्द्राज संबंधित कर्मचारी की सेवा–पुस्तिका में किया जावे।

Sd/-

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांक : स्था0 / 460 / 2022 / 3960-3966 दिनांक : 16 / 07 / 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), जिला न्यायालय, जयपुर महानगर–द्वितीय।
02. श्रीमान् कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जयपुर शहर।
03. विशिष्ठ न्यायाधीश, एसीडी प्रकरण, क्रम–03, जयपुर महानगर–द्वितीय
04. संबंधित कर्मचारी श्री बनवारी लाल वर्मा, हाल पदोन्नत रीडर / शेरिस्तेदार ग्रेड–II / कार्यालय सहायक
05. सिस्टम ऑफिसर को न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
06. निजी पत्रावली
07. आदेश पत्रावली / संबंधित पत्रावली / रक्षित पत्रावली।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय